# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की ली गई सलामी व किया गया निरीक्षण।

◆शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़।

◆अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल।

◆विभिन्न शाखाओं, क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई आदि के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 27-05-2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवायी गयी व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता बनाये रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करायी गयी। महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। परेड के दौरान प्रतिसार निरीक्षक तथा लाइन्स के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 01 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 27.05.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण(टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 01 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 01 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है 01 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष मीरा चौहान, उ0नि0 राम नारायण शुक्ला ,म0हे0का0 सत्या त्रिपाठी ,सविता सिंह, म0का0नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।**

**निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न हैं-**

**01.रजिया खातून पत्नी शहाबुद्दीन निवासी मटेसर थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**<u>प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 27.05.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**<u>प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 01 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 27.05.2025 को वाद सं0 33/2016 मु0अ0सं0 1418/2016 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना इटवा मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त आफताब उर्फ मण्डे पुत्र रौआब अली निवासी ग्राम इटवा-बिस्कोहर रोड थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को 01 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के नेतृत्व में अमित कुमार थानाध्यक्ष भवानीगंज द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत आज दिनांक 27.05.2025 को थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्भ्रांत व्यक्तियों व विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओ के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी व शासन द्वारा जारी गाइड लाईन व उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया तथा उक्त त्यौहार को सकुशल, सांमजस्य पूर्ण तरीके से व साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए त्यौहार को सम्पन्न कराने की अपील की गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कपिलवस्तु व जोगिया उदयपुर तथा चिल्हिया पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी गोष्ठी की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु व थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर/चिल्हिया द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत आज दिनांक 27.05.2025 को अपने-अपने थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्भ्रांत व्यक्तियों व विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओ के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी व शासन द्वारा जारी गाइड लाईन व उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया तथा उक्त त्यौहार को सकुशल, सांमजस्य पूर्ण तरीके से व साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए त्यौहार को सम्पन्न कराने की अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पुलिस के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कस्बा सिद्धार्थनगर में किया गया पैदल गश्त।**

आज दिनांक 27.05.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना सिद्धार्थनगर के कस्बा सिद्धार्थनगर में पैदल गस्त किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान प्रभारीनिरीक्षक सिद्धार्थनगर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

**प्रेस नोट दिनांक 27.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 27.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रुट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हॉट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**